**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी. बी. सी. : GTHY-T-XMT**

**क्रम संख्या** 1087033

**परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

# प्रारम्भिक गणित

*समय : दो घण्टे* **पूर्णांक : 100**

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम (सीरीज कोड) A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश ***हिन्दी*** और ***अंग्रेज़ी*** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई (0·33)** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**Note :** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. संख्याओं 16, 36, 45, 48 में से प्रत्येक से विभाजित होने वाली चार अंकों की सबसे बड़ी संख्या है ?

(a) 9180

(b) 9360

(c) 9630

(d) 9840

2. यदि $x = y^a$, $y = z^b$ और $z = x^c$ है, तो abc का मान क्या है ?

(a) 1

(b) 2

(c) $-1$

(d) 0

3. यदि $x = 2 + 2^{2/3} + 2^{1/3}$ है, तो व्यंजक $x^3 - 6x^2 + 6x$ का मान क्या होगा ?

(a) 2

(b) 1

(c) 0

(d) $-2$

4. XXYXX के रूप की पाँच अंकों की कितनी संख्याएँ 33 से विभाजित होती हैं ?

(a) 1

(b) 3

(c) 5

(d) अनंत

5. पाँच अंकों की एक संख्या XY235 है, जो 3 से विभाज्य है, जहाँ X और Y इस प्रकार के अंक हैं कि $X + Y \leq 5$ है । (X, Y) के मानों के संभावित युग्मों की संख्या क्या है ?

(a) 5

(b) 6

(c) 7

(d) 9

6. यदि $x^2 - 6x - 27 > 0$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) $-3 < x < 9$

(b) $x < 9$ या $x > -3$

(c) $x > 9$ या $x < -3$

(d) केवल $x < -3$

7. संख्या 38808 के भाजकों की संख्या, विभाजकों 1 और खुद इस संख्या को छोड़कर, कितनी है ?

(a) 74

(b) 72

(c) 70

(d) 68

8. दो बहुपदों के महत्तम समापवर्तक (HCF) और लघुतम समापवर्त्य (LCM) क्रमश: $(x + 3)$ और $(x^3 - 9x^2 - x + 105)$ हैं । यदि उनमें से एक बहुपद $x^2 - 4x - 21$ है, तो दूसरा बहुपद क्या है ?

(a) $x^2 + 2x - 21$

(b) $x^2 + 2x + 15$

(c) $x^2 - 2x - 15$

(d) $x^2 - x - 15$

1. The highest four-digit number which is divisible by each of the numbers 16, 36, 45, 48 is

(a) 9180

(b) 9360

(c) 9630

(d) 9840

2. If $x = y^a$, $y = z^b$ and $z = x^c$, then the value of abc is

(a) 1

(b) 2

(c) $-1$

(d) 0

3. If $x = 2 + 2^{2/3} + 2^{1/3}$, then the value of the expression $x^3 - 6x^2 + 6x$ will be

(a) 2

(b) 1

(c) 0

(d) $-2$

4. How many five-digit numbers of the form XXYXX is/are divisible by 33 ?

(a) 1

(b) 3

(c) 5

(d) Infinite

5. A five-digit number XY235 is divisible by 3 where X and Y are digits satisfying $X + Y \leq 5$. What is the number of possible pairs of values of (X, Y) ?

(a) 5

(b) 6

(c) 7

(d) 9

6. If $x^2 - 6x - 27 > 0$, then which one of the following is correct ?

(a) $-3 < x < 9$

(b) $x < 9$ or $x > -3$

(c) $x > 9$ or $x < -3$

(d) $x < -3$ only

7. The number of divisors of the number 38808, exclusive of the divisors 1 and itself, is

(a) 74

(b) 72

(c) 70

(d) 68

8. HCF and LCM of two polynomials are $(x + 3)$ and $(x^3 - 9x^2 - x + 105)$ respectively. If one of the two polynomials is $x^2 - 4x - 21$, then the other is

(a) $x^2 + 2x - 21$

(b) $x^2 + 2x + 15$

(c) $x^2 - 2x - 15$

(d) $x^2 - x - 15$

9. यदि $\alpha$ और $\beta$ दो ऐसी वास्तविक संख्याएँ हैं कि $\alpha + \beta = -\frac{q}{p}$ और $\alpha\beta = \frac{r}{p}$ है, जहाँ $1 < p < q < r$ है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा महत्तम है ?

(a) $\frac{1}{\alpha + \beta}$

(b) $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}$

(c) $-\frac{1}{\alpha\beta}$

(d) $\frac{\alpha\beta}{\alpha + \beta}$

10. दो कामगारों 'A' और 'B' ने एक साथ मिलकर एक कार्य को 5 दिन में पूरा किया । यदि 'A' ने वास्तव में जिस कार्यक्षमता से कार्य किया उससे दुगुनी कार्यक्षमता से कार्य किया होता, और 'B' ने वास्तव में जिस कार्यक्षमता से कार्य किया उसकी एक-तिहाई कार्यक्षमता से कार्य किया होता, तो कार्य 3 दिन में पूरा हो जाता । अकेला 'A' उस कार्य को कितने दिन में पूरा करेगा ?

(a) $3\frac{1}{2}$ दिन

(b) $4\frac{1}{6}$ दिन

(c) $5\frac{1}{2}$ दिन

(d) $6\frac{1}{4}$ दिन

11. यदि $x^6 + \frac{1}{x^6} = k\left(x^2 + \frac{1}{x^2}\right)$ है, तो k किसके बराबर है ?

(a) $\left(x^2 - 1 + \frac{1}{x^2}\right)$

(b) $\left(x^4 - 1 + \frac{1}{x^4}\right)$

(c) $\left(x^4 + 1 + \frac{1}{x^4}\right)$

(d) $\left(x^4 - 1 - \frac{1}{x^4}\right)$

12. यदि तीन क्रमागत प्राकृतिक संख्याओं के वर्गों का योगफल 110 है, तो उनके घनों का योगफल क्या होगा ?

(a) 625

(b) 654

(c) 684

(d) 725

13. दो पूर्णांकों p और q, जहाँ $p > 60$ और $q > 60$ है, का गुणनफल 7168 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 16 है । इन दो पूर्णांकों का योगफल क्या है ?

(a) 256

(b) 184

(c) 176

(d) 164

14. यदि $\log_{10} 2 = 0{\cdot}3010$ और $\log_{10} 3 = 0{\cdot}4771$ है, तो $\log_{100}(0{\cdot}72)$ का मान किसके बराबर है ?

(a) 0·9286

(b) $\bar{1}{\cdot}9286$

(c) 1·8572

(d) $\bar{1}{\cdot}8572$

15. यदि $a^x = b^y = c^z$ और $abc = 1$ है, तो $\frac{1}{x} + \frac{1}{y} + \frac{1}{z}$ का मान किसके बराबर होगा ?

(a) $-1$

(b) 0

(c) 1

(d) 3

9. If $\alpha$ and $\beta$ are two real numbers such that $\alpha + \beta = -\frac{q}{p}$ and $\alpha\beta = \frac{r}{p}$, where $1 < p < q < r$, then which one of the following is the greatest ?

(a) $\frac{1}{\alpha + \beta}$

(b) $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}$

(c) $-\frac{1}{\alpha\beta}$

(d) $\frac{\alpha\beta}{\alpha + \beta}$

10. Two workers 'A' and 'B' working together completed a job in 5 days. Had 'A' worked twice as efficiently as he actually did and 'B' worked one-third as efficiently as he actually did, the work would have completed in 3 days. In how many days could 'A' alone complete the job ?

(a) $3\frac{1}{2}$ days

(b) $4\frac{1}{6}$ days

(c) $5\frac{1}{2}$ days

(d) $6\frac{1}{4}$ days

11. If $x^6 + \frac{1}{x^6} = k\left(x^2 + \frac{1}{x^2}\right)$, then k is equal to

(a) $\left(x^2 - 1 + \frac{1}{x^2}\right)$

(b) $\left(x^4 - 1 + \frac{1}{x^4}\right)$

(c) $\left(x^4 + 1 + \frac{1}{x^4}\right)$

(d) $\left(x^4 - 1 - \frac{1}{x^4}\right)$

12. If the sum of the squares of three consecutive natural numbers is 110, then the sum of their cubes is

(a) 625

(b) 654

(c) 684

(d) 725

13. The product of two integers p and q, where $p > 60$ and $q > 60$, is 7168 and their HCF is 16. The sum of these two integers is

(a) 256

(b) 184

(c) 176

(d) 164

14. If $\log_{10} 2 = 0{\cdot}3010$ and $\log_{10} 3 = 0{\cdot}4771$, then the value of $\log_{100} (0{\cdot}72)$ is equal to

(a) 0·9286

(b) $\bar{1}{\cdot}9286$

(c) 1·8572

(d) $\bar{1}{\cdot}8572$

15. If $a^x = b^y = c^z$ and $abc = 1$, then the value of $\frac{1}{x} + \frac{1}{y} + \frac{1}{z}$ will be equal to

(a) $-1$

(b) 0

(c) 1

(d) 3

**16.** यदि $\alpha$ और $\beta$ समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल हैं, तो $\frac{1}{a\alpha + b} + \frac{1}{a\beta + b}$ का मान क्या है ?

(a) $\frac{a}{bc}$

(b) $\frac{b}{ac}$

(c) $\frac{c}{ab}$

(d) $\frac{1}{abc}$

**17.** तीन अंकों की तीन संख्याओं XYZ, YZX और ZXY के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संख्याओं का योगफल, (X + Y + Z) से भाज्य नहीं है ।
2. संख्याओं का योगफल, 111 से भाज्य है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**18.** उन सभी युग्मों (m, n), जहाँ m और n इस प्रकार के धनात्मक पूर्णांक हैं कि $\frac{1}{m} + \frac{1}{n} - \frac{1}{mn} = \frac{2}{5}$ है, की संख्या कितनी है ?

(a) 6

(b) 5

(c) 4

(d) 2

**19.** यदि $a = xy^{p-1}$, $b = yz^{q-1}$, $c = zx^{r-1}$ है, तो $a^{q-r} b^{r-p} c^{p-q}$ किसके बराबर है ?

(a) abc

(b) xyz

(c) 0

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** दो सम बहुभुजों की भुजाओं की संख्या 5 : 4 के अनुपात में है । उनके अंत:कोणों के बीच का अंतर $9^\circ$ है । निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उनमें से एक पंचभुज है और दूसरा आयत है ।
2. उनमें से एक दशभुज है और दूसरा अष्टभुज है ।
3. उनके बाह्य कोणों का योगफल $720^\circ$ है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 3

(d) 2 और 3

**21.** व्यंजक $2x^2 + 5x + 5$ का न्यूनतम मान क्या है ?

(a) 5

(b) 15/8

(c) – 15/8

(d) 0

**22.** यदि P और Q का हरात्मक माध्य H है, तो $\frac{H}{P} + \frac{H}{Q}$ का मान क्या है ?

(a) 1

(b) 2

(c) $\frac{P+Q}{PQ}$

(d) $\frac{PQ}{P+Q}$

16. If $\alpha$ and $\beta$ are the roots of the equation $ax^2 + bx + c = 0$, then the value of $\frac{1}{a\alpha + b} + \frac{1}{a\beta + b}$ is

(a) $\frac{a}{bc}$

(b) $\frac{b}{ac}$

(c) $\frac{c}{ab}$

(d) $\frac{1}{abc}$

17. Consider the following statements in respect of three 3-digit numbers XYZ, YZX and ZXY :

1. The sum of the numbers is not divisible by (X + Y + Z).

2. The sum of the numbers is divisible by 111.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

18. The number of all pairs (m, n), where m and n are positive integers, such that $\frac{1}{m} + \frac{1}{n} - \frac{1}{mn} = \frac{2}{5}$ is

(a) 6

(b) 5

(c) 4

(d) 2

19. If $a = xy^{p-1}$, $b = yz^{q-1}$, $c = zx^{r-1}$, then $a^{q-r} b^{r-p} c^{p-q}$ is equal to

(a) abc

(b) xyz

(c) 0

(d) None of the above

20. The number of sides of two regular polygons are in the ratio 5 : 4. The difference between their interior angles is 9°. Consider the following statements :

1. One of them is a pentagon and the other is a rectangle.

2. One of them is a decagon and the other is an octagon.

3. The sum of their exterior angles is 720°.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 1 and 3

(d) 2 and 3

21. The minimum value of the expression $2x^2 + 5x + 5$ is

(a) 5

(b) 15/8

(c) – 15/8

(d) 0

22. If H is the harmonic mean of P and Q, then the value of $\frac{H}{P} + \frac{H}{Q}$ is

(a) 1

(b) 2

(c) $\frac{P+Q}{PQ}$

(d) $\frac{PQ}{P+Q}$

**23.** संख्याओं $\pm 1, \pm 2, \pm 3, \pm 4$ में से एक बार में दो संख्याओं को लेकर बनने वाले सभी संभव गुणनफलों का योगफल कितना है ?

(a) 0

(b) – 30

(c) 30

(d) 55

**24.** जब $3x^3 - 2x^2y - 13xy^2 + 10y^3$ को $(x - 2y)$ से विभाजित किया जाता है, तो शेषफल किसके बराबर होता है ?

(a) शून्य

(b) y

(c) $y - 5$

(d) $y + 3$

**25.** यदि $ab + bc + ca = 0$ है, तो

$$\frac{(b^2 - ca)(c^2 - ab) + (a^2 - bc)(c^2 - ab) + (a^2 - bc)(b^2 - ca)}{(a^2 - bc)(b^2 - ca)(c^2 - ab)}$$

का मान क्या है ?

(a) – 1

(b) 0

(c) 1

(d) 2

**26.** वह मूलधन राशि क्या है, जिस पर दूसरे वर्ष में 5% की वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹ 210 प्राप्त होते हैं ?

(a) ₹ 2000

(b) ₹ 3200

(c) ₹ 4000

(d) ₹ 4800

**27.** एक परीक्षा में, 50% अभ्यर्थी अंग्रेज़ी में फेल हुए, 40% हिन्दी में फेल हुए और 15% दोनों विषयों में फेल हुए । कितने प्रतिशत अभ्यर्थी अंग्रेज़ी और हिन्दी दोनों में पास हुए ?

(a) 20%

(b) 25%

(c) 60%

(d) 75%

**28.** 100 m लंबी एक रेलगाड़ी, 100 m लंबे एक प्लेटफॉर्म को 10 सेकण्ड में पार कर लेती है । रेलगाड़ी की चाल कितनी है ?

(a) 36 kmph

(b) 45 kmph

(c) 54 kmph

(d) 72 kmph

**29.** एक साइकिल सवार अपनी यात्रा के प्रारम्भिक 20 km की दूरी 40 kmph की औसत चाल से तय करता है, एक अन्य 10 km की दूरी 10 kmph की औसत चाल से तय करता है, और आखिरी 30 km की दूरी 40 kmph की औसत चाल से तय करता है । तो पूरी यात्रा की औसत चाल क्या है ?

(a) 20 kmph

(b) 26·67 kmph

(c) 28·24 kmph

(d) 30 kmph

**30.** एक हजार मीटर (1000 m) की एक दौड़ में A, B को 150 m से हराता है, जबकि 3000 m की एक अन्य दौड़ में, C, D को 400 m से हराता है । B की चाल D की चाल के बराबर है । (मान लीजिए कि A, B, C और D सभी प्रतियोगिताओं में एकसमान चाल से दौड़ते हैं) । यदि A और C, 6000 m की एक दौड़ में भाग लेते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है ?

(a) A, C को 250 m से हराता है

(b) C, A को 250 m से हराता है

(c) A, C को 115·38 m से हराता है

(d) C, A को 115·38 m से हराता है

23. The sum of all possible products taken two at a time out of the numbers ± 1, ± 2, ± 3, ± 4 is

(a) 0

(b) – 30

(c) 30

(d) 55

24. The remainder when $3x^3 - 2x^2y - 13xy^2 + 10y^3$ is divided by $(x - 2y)$ is equal to

(a) Zero

(b) y

(c) y – 5

(d) y + 3

25. If ab + bc + ca = 0, then the value of

$$\frac{(b^2 - ca)(c^2 - ab) + (a^2 - bc)(c^2 - ab) + (a^2 - bc)(b^2 - ca)}{(a^2 - bc)(b^2 - ca)(c^2 - ab)}$$

is

(a) – 1

(b) 0

(c) 1

(d) 2

26. What is the principal amount which earns ₹ 210 as compound interest for the second year at 5% per annum ?

(a) ₹ 2000

(b) ₹ 3200

(c) ₹ 4000

(d) ₹ 4800

27. In an examination, 50% of the candidates failed in English, 40% failed in Hindi and 15% failed in both the subjects. The percentage of candidates who passed in both English and Hindi is

(a) 20%

(b) 25%

(c) 60%

(d) 75%

28. A train 100 m long passes a platform 100 m long in 10 seconds. The speed of the train is

(a) 36 kmph

(b) 45 kmph

(c) 54 kmph

(d) 72 kmph

29. A cyclist covers his first 20 km at an average speed of 40 kmph, another 10 km at an average speed of 10 kmph and the last 30 km at an average speed of 40 kmph. Then the average speed of the entire journey is

(a) 20 kmph

(b) 26·67 kmph

(c) 28·24 kmph

(d) 30 kmph

30. In a race of 1000 m, A beats B by 150 m, while in another race of 3000 m, C beats D by 400 m. Speed of B is equal to that of D. (Assume that A, B, C and D run with uniform speed in all the events). If A and C participate in a race of 6000 m, then which one of the following is correct ?

(a) A beats C by 250 m

(b) C beats A by 250 m

(c) A beats C by 115·38 m

(d) C beats A by 115·38 m

**31.** एक पिता, एक माता, एक बेटा सोनू एवं बेटियों सविता और सोनिया की आयु का योगफल 96 वर्ष है । सोनू परिवार का सबसे छोटा सदस्य है । जिस वर्ष सोनू का जन्म हुआ, तब परिवार के सभी सदस्यों की आयु का योगफल 66 वर्ष था । यदि अब पिता की आयु, सोनू की वर्तमान आयु की 6 गुना है, तो अब से 12 वर्ष बाद, पिता की आयु कितनी होगी ?

(a) 44 वर्ष

(b) 45 वर्ष

(c) 46 वर्ष

(d) 48 वर्ष

**32.** 'A', 'B' की तुलना में तीन गुना अच्छा श्रमिक है और एक काम को पूरा करने में 'B' की तुलना में 10 दिन कम लेता है । उसी काम को अकेले पूरा करने में 'B' को कितने दिन लगेंगे ?

(a) 12

(b) 15

(c) 20

(d) 30

**33.** बेडमिंटन या टेबल टेनिस या दोनों खेल खेलने वाले 85 बच्चों में से, समूह में लड़कियों की कुल संख्या, समूह में लड़कों की कुल संख्या का 70% है । केवल बेडमिंटन खेलने वाले लड़कों की संख्या, लड़कों की संख्या का 50% है और बेडमिंटन खेलने वाले लड़कों की कुल संख्या, लड़कों की कुल संख्या का 60% है । केवल टेबल टेनिस खेलने वाले बच्चों की संख्या, बच्चों की कुल संख्या का 40% है और कुल 12 बच्चे ऐसे हैं, जो बेडमिंटन और टेबल टेनिस दोनों खेलते हैं । केवल बेडमिंटन खेलने वाली लड़कियों की संख्या कितनी है ?

(a) 14

(b) 16

(c) 17

(d) 35

**34.** एक व्यक्ति ने किसी दुकान से दो वस्तुएँ X और Y खरीदीं । बिक्री कर से पहले मूल्यों का योगफल ₹ 130 था । वस्तु X पर कोई बिक्री कर नहीं था और वस्तु Y पर 9% बिक्री कर था । बिक्री कर को शामिल करके उस व्यक्ति ने ₹ 136·75 की कुल रकम का भुगतान किया । बिक्री कर जोड़ने से पहले वस्तु Y का मूल्य क्या था ?

(a) ₹ 75

(b) ₹ 85

(c) ₹ 122

(d) ₹ 125

**35.** श्री शर्मा की वसीयत के अनुसार, उनकी जायदाद का आधा हिस्सा उनकी पत्नी को जाता है और बाकी हिस्सा उनके दो पुत्रों रवि और राज में बराबर बाँट दिया जाता है । कुछ वर्षों बाद, रवि की मृत्यु हो जाती है और वह अपनी जायदाद का आधा हिस्सा अपनी विधवा पत्नी के लिए छोड़ जाता है और बाकी का अपने भाई राज के लिए । जब राज की मृत्यु होती है, वह अपनी जायदाद का आधा हिस्सा अपनी विधवा पत्नी के लिए छोड़ जाता है और बाकी का अपनी माँ के लिए, जो अभी जिंदा है । माँ अब ₹ 88,000 मूल्य की जायदाद की मालिक है । श्री शर्मा की जायदाद का कुल मूल्य कितना था ?

(a) ₹ 1,00,000

(b) ₹ 1,24,000

(c) ₹ 1,28,000

(d) ₹ 1,32,000

31. The sum of ages of a father, a mother, a son Sonu and daughters Savita and Sonia is 96 years. Sonu is the youngest member of the family. The year Sonu was born, the sum of the ages of all the members of the family was 66 years. If the father's age now is 6 times that of Sonu's present age, then 12 years hence, the father's age will be

(a) 44 years
(b) 45 years
(c) 46 years
(d) 48 years

32. 'A' is thrice as good a workman as 'B' and takes 10 days less to do a piece of work than 'B' takes. The number of days taken by 'B' alone to finish the work is

(a) 12
(b) 15
(c) 20
(d) 30

33. Out of 85 children playing badminton or table tennis or both, the total number of girls in the group is 70% of the total number of boys in the group. The number of boys playing only badminton is 50% of the number of boys and the total number of boys playing badminton is 60% of the total number of boys. The number of children playing only table tennis is 40% of the total number of children and a total of 12 children play badminton and table tennis both. The number of girls playing only badminton is

(a) 14
(b) 16
(c) 17
(d) 35

34. A person bought two articles X and Y from a departmental store. The sum of prices before sales tax was ₹ 130. There was no sales tax on the article X and 9% sales tax on the article Y. The total amount the person paid, including the sales tax was ₹ 136·75. What was the price of the article Y before sales tax ?

(a) ₹ 75
(b) ₹ 85
(c) ₹ 122
(d) ₹ 125

35. According to Mr. Sharma's will, half of his property goes to his wife and the rest is equally divided between his two sons, Ravi and Raj. Some years later, Ravi dies and leaves half of his property to his widow and rest to his brother Raj. When Raj dies he leaves half of his property to his widow and remaining to his mother, who is still alive. The mother now owns ₹ 88,000 worth of the property. The total worth of the property of Mr. Sharma was

(a) ₹ 1,00,000
(b) ₹ 1,24,000
(c) ₹ 1,28,000
(d) ₹ 1,32,000

**36.** X ने नींबू के जूस की 4 बोतलें खरीदीं और Y ने संतरे के जूस की एक बोतल खरीदी । संतरे के जूस की एक बोतल की कीमत नींबू के जूस की एक बोतल कीमत की दुगुनी है । Z ने कुछ भी नहीं खरीदा पर अपने हिस्से के पेय के लिए ₹ 50 दिए जिसे उन्होंने एक साथ मिला लिया और कीमत को आपस में बराबर-बराबर बाँट लिया । यदि Z के हिस्से से उसके ₹ 50 पूरे हो गये, तो संतरे के जूस की एक बोतल की कीमत क्या है ?

(a) ₹ 75

(b) ₹ 50

(c) ₹ 46

(d) ₹ 30

**37.** दस (10) वर्ष पहले एक माँ और उसकी पुत्री की आयु 3 : 1 के अनुपात में थी । अब से 10 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात 13 : 7 होगा । उनकी वर्तमान आयु क्या है ?

(a) 39 वर्ष, 21 वर्ष

(b) 55 वर्ष, 25 वर्ष

(c) 75 वर्ष, 25 वर्ष

(d) 49 वर्ष, 31 वर्ष

**38.** साठ (60) लड़कों की एक कक्षा में, 45 लड़के शतरंज खेलते हैं और 30 लड़के कैरमबोर्ड खेलते हैं । यदि कक्षा का प्रत्येक लड़का दोनों खेलों में से कम-से-कम एक खेल अवश्य खेलता है, तो कितने लड़के केवल कैरमबोर्ड खेलते हैं ?

(a) 30

(b) 20

(c) 15

(d) 10

**39.** दो बराबर धनराशियाँ, 5% और 4% के साधारण ब्याज पर उधार ली गईं । 4 वर्षों के उपरान्त कुल ब्याज ₹ 405 के बराबर था । कुल कितनी रकम उधार ली गई थी ?

(a) ₹ 1075

(b) ₹ 1100

(c) ₹ 1125

(d) ₹ 1150

**40.** बारह (12) व्यक्ति, प्रतिदिन 8 घंटे काम करते हैं और एक दीवार बनाने में उन्हें 10 दिन लगते हैं । यदि 8 व्यक्ति उपलब्ध हैं, तो काम को 8 दिनों में पूरा करने के लिए उन्हें प्रतिदिन कितने घंटे काम करना चाहिए ?

(a) 10 घंटे

(b) 12 घंटे

(c) 15 घंटे

(d) 18 घंटे

**41.** एक दूध बेचने वाले ने ₹ 8·50 प्रति लीटर की दर से 28 लीटर दूध खरीदा । उसमें कुछ पानी मिलाने के बाद उसने उस मिश्रण को उसी कीमत पर बेच दिया । यदि उसका लाभ 12·5% है तो उसने कितना पानी मिलाया ?

(a) 4·5 लीटर

(b) 4 लीटर

(c) 3·5 लीटर

(d) 3 लीटर

**36.** X bought 4 bottles of lemon juice and Y bought one bottle of orange juice. Orange juice per bottle costs twice the cost of lemon juice per bottle. Z bought nothing but contributed ₹ 50 for his share of the drink which they mixed together and shared the cost equally. If Z's ₹ 50 is covered from his share, then what is the cost of one bottle of orange juice ?

(a) ₹ 75

(b) ₹ 50

(c) ₹ 46

(d) ₹ 30

**37.** Ten (10) years before, the ages of a mother and her daughter were in the ratio 3 : 1. In another 10 years from now, the ratio of their ages will be 13 : 7. What are their present ages ?

(a) 39 years, 21 years

(b) 55 years, 25 years

(c) 75 years, 25 years

(d) 49 years, 31 years

**38.** In a class of 60 boys, there are 45 boys who play chess and 30 boys who play carrom. If every boy of the class plays at least one of the two games, then how many boys play carrom only ?

(a) 30

(b) 20

(c) 15

(d) 10

**39.** Two equal amounts were borrowed at 5% and 4% simple interest. The total interest after 4 years amounted to ₹ 405. What was the total amount borrowed ?

(a) ₹ 1075

(b) ₹ 1100

(c) ₹ 1125

(d) ₹ 1150

**40.** Twelve (12) men work 8 hours per day and require 10 days to build a wall. If 8 men are available, how many hours per day must they work to finish the work in 8 days ?

(a) 10 hours

(b) 12 hours

(c) 15 hours

(d) 18 hours

**41.** A milk vendor bought 28 litres of milk at the rate of ₹ 8·50 per litre. After adding some water he sold the mixture at the same price. If his gain is 12·5%, how much water did he add ?

(a) 4·5 litres

(b) 4 litres

(c) 3·5 litres

(d) 3 litres

42. एक घड़ी में मिनट की सुई, सही समय के हिसाब से प्रत्येक 72 मिनट के बाद, घंटे की सुई से आगे निकल जाती है । सामान्य समय के हिसाब से एक दिन में वह घड़ी कितना समय, पीछे या आगे, हो जाएगी ?

(a) $121\frac{9}{11}$ मिनट पीछे

(b) $157\frac{1}{11}$ मिनट पीछे

(c) $121\frac{9}{11}$ मिनट आगे

(d) $157\frac{1}{11}$ मिनट आगे

43. एक चोर किसी घर में खड़ी एक कार को चुराकर, उसे 40 kmph की चाल से लेकर भाग जाता है । आधे घंटे बाद चोरी का पता चलता है और कार का मालिक तुरन्त ही किसी और कार में 60 kmph की चाल से चोर का पीछा करता है । मालिक, चोर के सम्मुख कब होगा ?

(a) मालिक के घर से 55 km की दूरी पर और चोरी के एक घंटे बाद

(b) मालिक के घर से 60 km की दूरी पर और चोरी के 1·5 घंटे बाद

(c) मालिक के घर से 60 km की दूरी पर और चोरी का पता लगने के 1·5 घंटे बाद

(d) मालिक के घर से 55 km की दूरी पर और चोरी के 1·5 घंटे बाद

44. X और Y दोनों मिलकर एक काम को 6 दिन में पूरा कर सकते हैं । अकेला X उसी काम को 12 दिन में पूरा कर सकता है । उसी काम को पूरा करने में अकेले Y को कितना समय लगेगा ?

(a) 16 दिन

(b) 12 दिन

(c) 10 दिन

(d) 8 दिन

45. बारह (12) व्यक्ति एक जैसे 10 कमरों को 16 दिन में पेन्ट कर सकते हैं । 8 व्यक्ति इसी प्रकार के 20 कमरों को कितने दिन में पेन्ट कर सकते हैं ?

(a) 12

(b) 24

(c) 36

(d) 48

46. $(0{\cdot}2)^{25}$ के मान में दशमलव बिन्दु के तुरंत बाद n शून्य हैं । यह दिया गया है कि $\log_{10} 2 = 0{\cdot}30103$ है । n का मान क्या है ?

(a) 25

(b) 19

(c) 18

(d) 17

47. एक पिता और पुत्र की आयु के योगफल और अंतर का अनुपात 11 : 3 है । निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उनकी आयु का अनुपात 8 : 5 है ।

2. पुत्र का उसकी वर्तमान आयु के दुगुनी आयु का हो जाने पर उनकी आयु का अनुपात 11 : 8 होगा ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

48. रैखिक असमिकाओं $x + y \geq 5$ और $x - y \leq 3$ का हल कहाँ स्थित है ?

(a) केवल प्रथम चतुर्थांश में

(b) प्रथम और द्वितीय चतुर्थांशों में

(c) द्वितीय और तृतीय चतुर्थांशों में

(d) तृतीय और चतुर्थ चतुर्थांशों में

**42.** The minute hand of a clock overtakes the hour hand after every 72 minutes of correct time. How much time does the clock lose or gain in a day of normal time ?

(a) Lose $121\frac{9}{11}$ minutes

(b) Lose $157\frac{1}{11}$ minutes

(c) Gain $121\frac{9}{11}$ minutes

(d) Gain $157\frac{1}{11}$ minutes

**43.** A thief steals a car parked in a house and goes away with a speed of 40 kmph. The theft was discovered after half an hour and immediately the owner sets off in another car with a speed of 60 kmph. When will the owner meet the thief ?

(a) 55 km from the owner's house and one hour after the theft

(b) 60 km from the owner's house and 1·5 hours after the theft

(c) 60 km from the owner's house and 1·5 hours after the discovery of the theft

(d) 55 km from the owner's house and 1·5 hours after the theft

**44.** X and Y together can finish a job in 6 days. X can alone do the same job in 12 days. How long will Y alone take to do the same job ?

(a) 16 days

(b) 12 days

(c) 10 days

(d) 8 days

**45.** Twelve (12) persons can paint 10 identical rooms in 16 days. In how many days can 8 persons paint 20 such rooms ?

(a) 12

(b) 24

(c) 36

(d) 48

**46.** There are n zeros appearing immediately after the decimal point in the value of $(0{\cdot}2)^{25}$. It is given that the value of $\log_{10} 2 = 0{\cdot}30103$. The value of n is

(a) 25

(b) 19

(c) 18

(d) 17

**47.** The ratio of the sum and difference of the ages of the father and the son is 11 : 3. Consider the following statements :

1. The ratio of their ages is 8 : 5.
2. The ratio of their ages after the son attains twice the present age will be 11 : 8.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**48.** The solution of linear inequalities $x + y \geq 5$ and $x - y \leq 3$ lies

(a) Only in the first quadrant

(b) In the first and second quadrants

(c) In the second and third quadrants

(d) In the third and fourth quadrants

**49.** यह दिया गया है कि समीकणों $x^2 - y^2 = 0$ और $(x-a)^2 + y^2 = 1$ का एकल धनात्मक हल है । इसके लिए 'a' का मान क्या है ?

(a) $\sqrt{2}$

(b) 2

(c) $-\sqrt{2}$

(d) 1

**50.** यदि $\alpha, \beta$ और $\gamma$ बहुपद $f(x) = ax^3 + bx^2 + cx + d$ के शून्य हैं, तो $\alpha^2 + \beta^2 + \gamma^2$ किसके बराबर है ?

(a) $\frac{b^2 - ac}{a^2}$

(b) $\frac{b^2 - 2ac}{a}$

(c) $\frac{b^2 + 2ac}{b^2}$

(d) $\frac{b^2 - 2ac}{a^2}$

**आगे आने वाले 04 (चार) प्रश्नांशों के लिए निम्नलिखित पर विचार कीजिए :**

कक्षा XII की एक परीक्षा में, 55% विद्यार्थी जीव विज्ञान में पास हुए, 62% भौतिकशास्त्र में पास हुए, 60% रसायनशास्त्र में पास हुए, 25% भौतिकशास्त्र और जीव विज्ञान में पास हुए, 30% भौतिकशास्त्र और रसायनशास्त्र में पास हुए, 28% जीव विज्ञान और रसायनशास्त्र में पास हुए । केवल 2% विद्यार्थी सभी विषयों में फेल हुए ।

**51.** कितने प्रतिशत विद्यार्थी सभी तीन विषयों में पास हुए ?

(a) 6
(b) 5
(c) 4
(d) 3

**52.** कितने प्रतिशत विद्यार्थी ठीक-ठीक एक विषय में पास हुए ?

(a) 21
(b) 23
(c) 25
(d) 27

**53.** यदि विद्यार्थियों की संख्या 360 है, तो कम-से-कम दो विषयों में कितने विद्यार्थी पास हुए ?

(a) 270
(b) 263
(c) 265
(d) 260

**54.** भौतिकशास्त्र और रसायनशास्त्र दोनों में पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या का, जीव विज्ञान और भौतिकशास्त्र दोनों में पास किन्तु रसायनशास्त्र में नहीं पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या से, अनुपात क्या है ?

(a) 7 : 10
(b) 10 : 7
(c) 9 : 7
(d) 7 : 9

49. It is given that the equations $x^2 - y^2 = 0$ and $(x - a)^2 + y^2 = 1$ have single positive solution. For this, the value of 'a' is

(a) $\sqrt{2}$

(b) 2

(c) $-\sqrt{2}$

(d) 1

50. If α, β and γ are the zeros of the polynomial $f(x) = ax^3 + bx^2 + cx + d$, then $\alpha^2 + \beta^2 + \gamma^2$ is equal to

(a) $\frac{b^2 - ac}{a^2}$

(b) $\frac{b^2 - 2ac}{a}$

(c) $\frac{b^2 + 2ac}{b^2}$

(d) $\frac{b^2 - 2ac}{a^2}$

**Consider the following for the next 04 (four) items that follow :**

In an examination of Class XII, 55% students passed in Biology, 62% passed in Physics, 60% passed in Chemistry, 25% passed in Physics and Biology, 30% passed in Physics and Chemistry, 28% passed in Biology and Chemistry. Only 2% failed in all the subjects.

51. What percentage of students passed in all the three subjects ?

(a) 6

(b) 5

(c) 4

(d) 3

52. What percentage of students passed in exactly one subject ?

(a) 21

(b) 23

(c) 25

(d) 27

53. If the number of students is 360, then how many passed in at least two subjects ?

(a) 270

(b) 263

(c) 265

(d) 260

54. What is the ratio of number of students who passed in both Physics and Chemistry to number of students who passed in both Biology and Physics but not Chemistry ?

(a) 7 : 10

(b) 10 : 7

(c) 9 : 7

(d) 7 : 9

**55.** किसी शहर में होटलों के श्रेणीकरण का दत्त (डेटा) किस पर मापा जाता है ?

(a) नामिक मापनी (नॉमिनल स्केल)

(b) क्रमसूचक मापनी (ऑर्डिनल स्केल)

(c) अंतराल मापनी (इन्टरवेल स्केल)

(d) अनुपात मापनी (रेशो स्केल)

**56.** अनुभाग A के औसत अंक 65 हैं और अनुभाग B के औसत अंक 70 हैं । यदि दोनों अनुभागों को मिला देने से औसत अंक 67 होते हैं, तो अनुभाग A के छात्रों की संख्या का अनुभाग B के छात्रों की संख्या से अनुपात क्या है ?

(a) 3 : 2

(b) 1 : 3

(c) 3 : 1

(d) 2 : 3

